SLCM GROUP IN NEWS: KISSANDHAN

Publication	Date	Online Edition	Article
Kisan Tak (India Today)	Jan 23, 2025	Worldwide	Read More

किसान Tak

होम मंडी भाव खबरें सरकारी स्कीम मंडी रेट्स वेब स्टोरी सक्सेस स्टोरी टिप्स और ट्रिक्स

News / नॉलेज / उन्नत खेती और किसानों के लिए Budget से बड़ी उम्मीदें, एक्सपर्ट बोले बढ़ती लागत और क्लाइमेट चेंज केंद्र के लिए चुनौती

किसान तक के चैनल से जुड़ें

उन्नत खेती और किसानों के लिए Budget से बड़ी उम्मीदें, एक्सपर्ट बोले- बढ़ती लागत और क्लाइमेट चेंज केंद्र के लिए चुनौती

इस बजट में उन्नत खेती और किसानों के लिए वित्तीय समावेशन को लेकर अहम निर्णय और नीतियां आने की उम्मीद की जा रही है. एक्सपर्ट ने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों के लिए वित्तीय सीमा बढ़ाने और इनोवेटिव फाइनेंस मॉडल पेश करने जैसे क्रेडिट सपोर्ट को बढ़ाना ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा.

ADVERTISEMENT

इस बार कृषि क्षेत्र के लिए अहम नीतियां और योजनाएं लॉन्च हो सकती हैं.

बीपीएन फिनकैप के डायरेक्टर एके निगम और किसानधन के सीईओ गुरिंदर सिंह सेहम्बे.

कृषि क्षेत्र के लिए वित्तीय समावेशन और पहुंच नीतियां जरूरी

किसानों की पैसे की जरूरत पूरी करने वाली कंपनी किसानधन के सीईओ गुरिंदर सिंह सेहम्बे ने बताया कि पिछले साल हमने कुछ उल्लेखनीय निर्णय देखे जैसे कृषि ऋण वितरण में 31 फीसदी की वृद्धि, जो 21 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 27.5 लाख करोड़ रुपये किया गया और ग्रामीण ऋण को औपचारिक बनाने की नीतियां पेश की गई. जैसे-जैसे हम बजट 2025 के करीब पहुंच रहे हैं, हमारी प्राथमिक अपेक्षा यह है कि नीतियां कृषि क्षेत्र के लिए वित्तीय समावेशन और पहुंच पर अपना ध्यान केंद्रित रखें. छोटे और सीमांत किसानों के लिए सीमा बढ़ाने और अभिनव वित्तपोषण मॉडल पेश करने जैसे ऋण समर्थन को बढ़ाना ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा.

बढ़ती इनपुट लागत और जलावायु बदलाव चुनौती बनी

सीईओ गुरिंदर सिंह सेहम्बे ने कहा कि हम टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटलीकरण और लक्षित योजनाओं पर अधिक जोर देने की भी उम्मीद करते हैं. सभी की निगाहें इस बात पर होंगी कि यह किसानों को परेशान करने वाले मुद्दों जैसे बढ़ती इनपुट लागत, जलवायु परिवर्तन के जोखिम और कम रिटर्न का को कैसे सुलझाया जाएगा. इन क्षेत्रों पर केंद्रित एक मजबूत बजट समान विकास को बढ़ावा दे सकता है, किसानों की आय को स्थिर कर सकता है और एक मजबूत एग्रीकल्चर फाइनेंस इकोसिस्टम विकसित कर सकता है.